## ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन–बहराइच की अध्यक्षता में दिनांक 15–10–2025 को ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' (DWSM) की आयोजित बैठक का कार्यवृत्त :–

अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी, बहराइच की अध्यक्षता में दिनांक 15.10.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद बहराइच की निर्माणाधीन व पूर्ण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सम्पादित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच, जल निगम(ग्रामीण) बहराइच के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व फर्मो के प्रतिनिधि तथा जिला समन्वयक कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे–

### फेज–2 फर्म मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जे0वी0)

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जे.वी.), द्वारा 599 नग पाइप पेयजल योजनाओं में से 70 नग पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पानी का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से 10 नग पाइप पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए रख–रखाव कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। फर्म द्वारा जिन पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य 90 से 80 प्रतिशत पूर्ण है उनको प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण कराते हुए रख–रखाव में ले जानें हेतु लक्षित किया गया है। 64 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण कराकर रख–रखाव में लानें हेतु लक्षित किया गया है, निर्देशित किया गया कि वितरण प्रणाली बिछाये जानें हेतु खोदी गयी सड़कों को पुर्नस्थापना कार्य में विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही योजनाओं को पूर्ण किये जानें हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाते हुए प्रस्तुत किया जाए तथा उसके प्रगति की नियमित समीक्षा करायी जाए।

**(कार्यवाही–मेसर्स पी0एन0सी0/अधिशासी अभियन्ता जल निगम)**

### फेज–5 फर्म मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा–वी0पी0एल0 (जे0वी0)

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा–वी.पी.एल.(जे.वी.), द्वारा 162 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक कोई भी योजना पूर्ण नही की गयी है, संतोषजनक प्रगति न होनें पर फर्म के डी.जी.एम. को प्रति बढ़ानें हेतु पुनः निर्देशित किया गया और निर्देश दिये गये कि अग्रिम बैठक तक अधिक से अधिक योजनाओं को अवश्य पूर्ण कर लिया जाए।

**(कार्यवाही–फर्म वी0पी0एल0/अधिशासी अभियन्ता जल निगम)**

❖ अन्य बिन्दु :–

1. जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी योजनाओं की संख्या अत्यधिक कम होनें के कारण शीघ्र ही नियमित जलापूर्ति बढ़ानें के निर्देश दिये गये।
2. योजनाओं पर पर्याप्त मानव शक्ति एवं मशीनरी लगाते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराया जाए।
3. जो योजनाएं पूर्ण की जा रही है उनका पुनः एक बार सत्यापन अवश्य करा लिया जाए कि कोई भी घर कनेक्शन से वंचित तो नहीं रह गये है और योजनान्तर्गत कोई अन्य आवश्यक कार्य अवशेष तो नही है।
4. प्रायः जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से वितरण प्रणाली बिछाये जानें के उपरान्त छतिग्रस्त किये गये मार्गो को पूर्व की भाति ठीक न कराये जानें से सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रही है, अतः रोड मरम्मत पर विशेष ध्यान देते हुए मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।
5. पाइप पेयजल योजनाओं के नियमित संचालन न किये जानें तथा लीकेज सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए।
6. पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त हो रहे आई.जी.आर.एस. का निस्तारण समयान्तर्गत करा दिया जाए जिससे जनपद की श्रेणी मे सुधार प्राप्त हो सके।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**जनपद–बहराइच।**

Scanned with CamScanner

# कार्यालय–जिलाधिकारी, बहराइच।

पत्रांक 1162 /जेजेएम/जि0पे0स्व0मि0–बैठक/कार्य–17 /564 दिनांक 18/10/2025

**प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम–(ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच।
5. जिला पंचायतराज अधिकारी, बहराइच।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालयए, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बहराइच।
7. सम्बन्धित कार्यदायी संस्था (फर्म) को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ हेतु।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**जनपद–बहराइच।**

Scanned with CamScanner